हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 13 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

08 शासकीय कार्यों में गुणवत्ता से समझौता कतई बर्दाश्त नहीं



08 श्रमिकों को योजनाओं का लाभ दिलाने प्रशासनिक...






# गोंचा महापर्व के लिए रथ निर्माण कार्य तेज, 16 को भगवान निकलेंगे शहर भ्रमण पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर के ऐतिहासिक पर्व गोंचा के लिए रथ निर्माण कार्य सिरहासार के सामने चल रहा है। 15 दिनों तक चलने वाले इस महापर्व के लिए रथ निर्माण की प्रक्रिया 6 जुलाई से शुरू की जो 14 जुलाई को पूर्ण हो जाएगा। 20 फीट लंबा और लगभग 14 फीट चौड़ा रथ बनता है। 15 जुलाई को नेत्रोत्सव के बाद 16 जुलाई को भगवान नगर भ्रमण पर निकलेंगे, जिसे देखने हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। इसमें भगवान जगन्नाथ, देवी सुभद्रा और बलभद्र के विग्रहों के साथ रथ की नगर परिक्रमा करवाई जाएगी। लगभग 25 वर्षों से गोंचा पर्व के रथ का निर्माण कार्य कर रहे बेड़ा उमरगांव निवासी हरदेव अनुसार रथ का निर्माण साल की लकड़ी से किया जाता है। बस्तर में यह पर्व बेहद पुराना है और इसका ऐतिहासिक महत्व भी है। गोंचा पर्व में शहर में रथ परिक्रमा करवाने की परंपरा पिछले 600 साल से जारी है। सालों से चल रही इस गोंचा पर्व के लिए बेड़ा उमरगांव के ग्रामीण रथ का निर्माण करते हैं। प्रतिवर्ष इस गांव के लगभग 17 ग्रामीण रथ का निर्माण करते थे, इस वर्ष सिर्फ 7 लोग रथ निर्माण में पहुंचे हैं। बस्तर में गोंचा पर्व समिति भी बनाई गई है जो इस महापर्व का पूरा देख-रेख करता है। गोंचा पर्व समिति के मीडिया प्रभारी नरेन्द्र पानीग्राही ने बताया कि गोंचा की तैयारियां लगभग पूरी हो गई हैं। बस्तर के लोकप्रिय पर्व गोंचा में रथ पर भगवान जगन्नाथ, माता सुभद्रा और बलभद्र स्वामी की प्रतिमाओं को विराजमान कर परिक्रमा करवाई जाएगी। जनकपुरी परिसर में विशाल टेंट तैयार किया जा रहा है। परंपरा के अनुसार चार पहियों वाले नए रथ का निर्माण अंतिम चरण में है, सात खंडों वाले इस रथ में 21 विग्रहों को विधि-विधान के साथ विराजमान कराया जाएगा।

## 600 साल पुरानी आस्था के महापर्व के लिए निर्माण किया जा रहा रथ





### साल लकड़ी के 15 गोला से रथ का निर्माण

गोंचा पर्व रथ निर्माण कार्य के प्रमुख बेड़ा उमरगांव निवासी हरदेव ने बताया कि रथ का निर्माण कार्य 15 दिन में पूरा किया जाता है। इस बार साल लकड़ी के 15 गोला से रथ का निर्माण किया जा रहा है, जो 14 जुलाई को पूर्ण हो जाएगा। इस दौरान सभी ग्रामीण सीरहासार भवन में रह रहे हैं और राशन में लगभग 3-4 हजार खर्च हो रहा है। इसमें निर्माण कार्य के ग्रामीणों को टेंपल कमेटी की ओर से एक लाख रुपए दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### 8 साल की जेनिशा का कांग्रेस ने किया सम्मान



**जगदलपुर।** बस्तर की बेटी जेनिशा देवांगन ने टॉप-5 फाइनलिस्ट में स्थान पाकर बस्तर एवं छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया है। 8 वर्ष की जेनिशा ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। आज राजीव भवन में सुशील मौर्य ने शुभकामनाएं देते कहा कि टॉप-5 फाइनलिस्ट में स्थान बनाना उसकी प्रतिभा और मेहनत से संभव हुआ है। उन्होंने समर्थन और वोट देने की अपील करते कहा कि अधिक से अधिक संख्या में जेनिशा के पक्ष में मतदान करें। अपने परिवार, मित्रों और परिचितों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। बस्तर हमेशा से प्रतिभाओं की भूमि रही है।

### हेमंत डाक कर्मचारी संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री निर्वाचित



**जगदलपुर।** भारतीय ग्रामीण डाक कर्मचारी संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक 11 एवं 12 जुलाई को नई दिल्ली में आयोजित की गई। बैठक में देशभर से आए पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों की उपस्थिति में संगठन के विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा नए पदाधिकारियों का चयन किया गया। बैठक के दौरान हेमंत कुमार पांडे को भारतीय ग्रामीण डाक कर्मचारी संघ का राष्ट्रीय संगठन मंत्री निर्विरोध निर्वाचित किया गया। उनके निर्वाचन पर विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होगा। ग्रामीण डाक कर्मचारियों के हितों की रक्षा एवं उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएंगे।

### कृष्ण मंदिर का मनाया गया स्थापना दिवस



**जगदलपुर।** शहर के महादेव घाट स्थित राधेय कृष्ण मंदिर का 9 वां स्थापना दिवस महोत्सव रविवार को विधि विधान पूर्वक संपन्न हुआ। प्रधान पुजारी निलेन्द्र यादव ने भगवान कृष्ण का अभिषेक एवं पूजा पाठ किया। यादव समाज की महिलाओं के भजन कीर्तन दरम्यान श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया गया। इस पावन अवसर पर भगवान कृष्ण के भजन, आरती का संकलन पुजारी नीलेन्द्र यादव, अजय यादव द्वारा धार्मिक पुस्तक का विमोचन भी किया गया। इस अवसर बस्तर जिला यादव समाज सहित अन्य समुदाय के महिला, पुरुष श्रद्धालु शामिल रहे।

## सीजीपीएससी अभ्यर्थियों में दिखा उत्साह, 88 प्रतिशत से अधिक परीक्षार्थी हुए शामिल

# सूबेदार, उप निरीक्षक, प्लाटून कमांडर बनने 1856 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सूबेदार, उप निरीक्षक कैडर और प्लाटून कमांडर प्रारंभिक परीक्षा-2024 रविवार को बस्तर जिले में कड़ी सुरक्षा और समुचित व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। कलेक्टर आकाश छिकारा के नेतृत्व में जिला प्रशासन की पुख्ता व्यवस्था के फलस्वरूप सभी 6 परीक्षा केंद्रों पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित समय में परीक्षा आयोजित की गई। इस महत्वपूर्ण परीक्षा के लिए 2104 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 1856 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 248 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। जिले का उपस्थिति प्रतिशत 88.21 प्रतिशत रहा, जो प्रतियोगिता के प्रति अभ्यर्थियों के भारी उत्साह दिखा। लोक सेवा आयोग की इस परीक्षा को पूरी तरह निष्पक्ष और सुचारू ढंग से संचालित करने के लिए जिला मुख्यालय जगदलपुर में 6 प्रमुख शिक्षण संस्थानों को केंद्र बनाया गया था। परीक्षा के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर मनीष वर्मा ने बताया कि शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धरमपुरा में सर्वाधिक 450 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 395 उपस्थित रहे और 55 अनुपस्थित दर्ज किए गए। इसी प्रकार पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय धरमपुरा में 304 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 267 ने परीक्षा दी तथा 37 अनुपस्थित रहे। शासकीय दन्तेश्वरी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय शांतिनगर में 300 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 261 उपस्थित और 39 अनुपस्थित रहे। अन्य प्रमुख केंद्रों में शामिल शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोल बाजार में 350 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 314 उपस्थित और 36 अनुपस्थित पाए गए। पुराना गीदम नाका स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नंबर-2 में 400 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 355 ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जबकि 45 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इसके साथ ही रेलवे कॉलोनी स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 300 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 264 उपस्थित रहे तथा 36 अभ्यर्थी अनुपस्थित पाए गए।



### परीक्षार्थियों की कड़ाई से की गई जांच

परीक्षा शुरू होने के पहले उपस्थित सभी परीक्षार्थियों की कड़ाई से जांच की गई। परीक्षार्थियों के ड्रेस को मापदंडों के अनुरुप है कि नहीं जांचा गया। मोबाइल से फोटो खींचकर भी मिलान कराया गया। हालांकि इसमें काफी समय लगा। परीक्षार्थियों को लाइन में खड़े होकर इंतजार करना पड़ा। अफसरों ने कहा कि जांच के संबंध में पहले से ही दिशा निर्देश जारी कर दिए गए थे।



## सड़क पर पसरा बाजार

# कांग्रेस भवन के सामने आवाजाही रही प्रभावित





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर का मुख्य मार्केट संजय बाजार रविवार को अनुपमा टॉकिज तक फैल जाती है। सा प्ता हि क बाजार होने से दूरदराज ग्रामीण क्षेत्र से लोग सामान लेकर पहुंचते है। खासकर कांग्रेस भवन के सामने सड़क पर बाजार पसर जाता है। जिससे आवाजाही प्रभावित होती है। ट्रेफिक पुलिस की व्यवस्था रविवार को यहां चरमरा जाती है। आज भी यही स्थिति देखने को मिली। ग्रामीणों से ऑर्गेनिक साग सब्जियां खरीदने लोग पहुंचते हैं। सड़क के किनारे दुकान लगने पर रोड जाम की स्थिति हो जाती है।

■ संडे को ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था चरमराई

# सिरासार चौक में सफाई कर लोगों को किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



नगर पालिक निगम ने सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान के अंतर्गत सिरासार चौक में महापौर के मार्गदर्शन में स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान पुराने रथ के आसपास एवं सार्वजनिक शौचालय परिसर में सफाई की गई। कचरा हटाकर पूरे क्षेत्र को स्वच्छ बनाया गया तथा नागरिकों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया गया। अभियान के दौरान नागरिकों से अपने घर एवं आसपास नियमित साफ-सफाई बनाए रखने, जलभराव न होने देने तथा डेंगू एवं मलेरिया जैसी बीमारियों की रोकथाम में सहयोग देने की अपील की गई। स्वच्छ शहर स्वस्थ नागरिक के संकल्प के साथ निगम ऐसे जनजागरूकता एवं स्वच्छता अभियान निरंतर संचालित करेगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य सभापति लक्ष्मण झा, एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, संग्राम सिंह राणा, योगेंद्र पांडेय, नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा पार्षद कुबेर देवांगन, राजपाल कसेर, स्वच्छता एम्बेसडर विधु शेखर झा, मुकेश सिंह, धीरज कश्यप, सुलता महराणा, अविनाश श्रीवास्तव सहित अन्य उपस्थित रहे।

■ नगर निगम का सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान जारी




# पुरी रथ यात्रा पर 15 और 23 जुलाई को चलेगी स्पेशल ट्रेन

**जगदलपुर।** जगन्नाथ पुरी रथ यात्रा को देखते हुए यहां से जगन्नाथ पुरी तक स्पेशल ट्रेन चलेगी। 12 कोच की इस ट्रेन में 6 सेकेंड क्लास और 4 स्लीपर कोच समेत 2 सेकेंड क्लास कम दिव्यांग जन कोच होगा। यह स्पेशल ट्रेन जगदलपुर से 15 जुलाई और 23 जुलाई को सुबह 6:30 पर रवाना होगी और रात 1:40 बजे पुरी पहुंचेगी। पुरी से ट्रेन 16 और 24 जुलाई को शाम 7:15 मिनट पर छूटेगी और दोपहर 1:15 बजे जगदलपुर पहुंचेगी।

# मूलभूत समस्याओं की अनदेखी कर रही सरकार : मौर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला कांग्रेस ने मिशन गांव चलो अभियान के अंतर्गत अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में नगरनार के खूंटपदर गांव का दौरा कर खेतों में व्यस्त किसानों, मजदूरों एवं ग्रामीणजनों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना तथा उनकी दैनिक जीवन से जुड़ी कठिनाइयों की जानकारी ली। खेत में उतरकर रोपा लगाया। ग्रामीणों ने खेती-किसानी, सिंचाई, सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही परेशानियों से अवगत कराया। श्री मौर्य ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं एवं मांगों को संबंधित विभागों, जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार के समक्ष प्रमुखता से उठाया जाएगा और उनके निराकरण के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा किसानों, मजदूरों और आम जनता की आवाज बनकर उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है। सरकार में ग्रामीण क्षेत्रों की मूलभूत समस्याओं की लगातार अनदेखी की जा रही है, जिससे किसान, मजदूर और आमजन परेशान हैं। यदि प्रशासन और भाजपा सरकार द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया और जनहित के मुद्दों की लगातार उपेक्षा की गई, तो कांग्रेस पार्टी जनता के साथ मिलकर चरणबद्ध आंदोलन करेगी। आवश्यकता पड़ने पर उग्र प्रदर्शन कर लोकतांत्रिक तरीके से सरकार और प्रशासन का ध्यान आम जनता की समस्याओं की ओर आकर्षित किया जाएगा।

**ये रहे मौजूद:** इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष सन्तोष सेठिया, महामंत्री नीतीश शर्मा, कोषाध्यक्ष रविशंकर तिवारी, सरपंच सुकलधर कश्यप, उप सरपंच मुकुल राम नेताम, रामू सूर्यवंशी, विजेंद्र ठाकुर, खीरेंद्र यादव उपस्थित रहे।



■ खूंटपदर में कांग्रेस ने सुनी किसानों, मजदूरों और ग्रामीणों की समस्याएं

■ मिशन गांव चलो अभियान के तहत जनसंपर्क एवं चाय पर चर्चा

## बढ़ते खर्च से ग्रामीण को मिली मुक्ति, शासन से मिली सब्सिडी

# पीएम सूर्य घर योजना से रघुचंद का बिजली बिल शून्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में तेलीमारेंगा निवासी रघुचंद करें जिन्होंने अपने घर की छत पर 3 किलोवाट क्षमता का सोलर रूफटॉप प्लांट स्थापित कर बिजली के बढ़ते खर्च से मुक्ति पाई है।

श्री रघुचंद ने बताया कि सोलर प्लांट लगने से पहले घर का मासिक बिजली बिल लगभग डेढ़ हजार रूपए आता था। हर महीने बिजली बिल का भुगतान परिवार के बजट पर अतिरिक्त बोझ बनता था। जब प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की जानकारी मिली तो आवेदन कर योजना का लाभ लिया।



योजना के तहत घर पर 3 किलोवाट का सोलर रूफटॉप प्लांट स्थापित किया। इसकी स्थापना के साथ ही केंद्र सरकार से एक लाख 8 हजार रुपए की सब्सिडी प्राप्त हुई। सोलर संयंत्र शुरू होने के बाद अब घर की अधिकांश बिजली आवश्यकता पूरी हो रही है। मासिक बिजली बिल लगभग शून्य हो गया है। सोलर प्लांट से जो बिजली बन रही है वह सीधे बिजली कंपनी को मिल रही है। जिससे बिजली बिल में कमी के चलते बड़ी राहत मिली है।

### *मध्यमवर्गीय परिवार के लिए वरदान*

*रघुचंद कहते हैं कि पहले हर महीने करीब डेढ़ हजार रुपए बिजली बिल देना पड़ता था। अब बिल शून्य हो गया है। सरकार की सब्सिडी से सोलर प्लांट लगाना आसान हो गया और अब हर महीने अच्छी बचत हो रही है। यह योजना हमारे जैसे मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिले के नागरिकों को भी इस योजना का लाभ लेना चाहिए।*



**खबर संक्षेप**

## प्रधानाध्यापक ने बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन



**कोण्डागांव।** विकासखंड कोंडागांव के प्राथमिक शाला मुलमुला के प्रधानाध्यापक भरतलाल नागवंशी ने अपने जन्मदिन को सेवा और सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए संकुल की सभी शालाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के बीच बिस्किट वितरित किए। इस अवसर पर बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह देखने को मिला। प्रधानाध्यापक श्री नागवंशी ने कहा कि जन्मदिन का वास्तविक आनंद तभी है, जब उसकी खुशियाँ समाज और बच्चों के साथ साझा की जाएँ। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए नियमित अध्ययन, अनुशासन, स्वच्छता और अच्छे संस्कार अपनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर संकुल के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने श्री नागवंशी की इस प्रेरणादायी पहल की सराहना करते हुए उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएँ दीं तथा उनके स्वस्थ, सुखी और दीर्घायु जीवन की कामना की। जन्मदिन को सादगी, सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ मनाने की इस अनूठी पहल की क्षेत्र में भी सराहना की जा रही है।

## नवोदय चयन परीक्षा के लिए आवेदन 31 तक

**कोण्डागांव।** जवाहर नवोदय विद्यालय, कोंडागांव में शैक्षणिक सत्र 2027–28 के लिए कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 31 जुलाई 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। प्राचार्य के अनुसार जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा–2027 का आयोजन 28 नवंबर 2026 को कोंडागांव जिले में किया जाएगा। प्रवेश पूरी तरह चयन परीक्षा के आधार पर होगा। आवेदन के लिए अभ्यर्थी का कोंडागांव जिले का निवासी होना तथा शैक्षणिक सत्र 2026–27 में जिले के किसी शासकीय या शासन मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत होना अनिवार्य है। अभ्यर्थी की जन्मतिथि 1 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 के बीच होनी चाहिए। किसी भी अभ्यर्थी को दोबारा परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं होगी। अभिभावक एवं विद्यार्थी नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# शासकीय कार्यों में गुणवत्ता से समझौता कतई बर्दाश्त नहीं

## जिला पंचायत सीईओ भोई ने विकास कार्यों का किया आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई ने कोंडागांव, माकड़ी एवं फरसगांव विकासखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों का आकस्मिक निरीक्षण कर ग्रामीण विकास योजनाओं, निर्माण कार्योंर् और उनकी गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत मसोरा में निर्माणाधीन सार्वजनिक वितरण प्रणाली भवन, ग्राम पंचायत भवन एवं अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का निरीक्षण कर निर्माण कार्योंकी गुणवत्ता, तकनीकी मानकों और प्रगति की समीक्षा की गई। ग्राम पंचायत केरावाही में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया गया। सीईओ ने हितग्राहियों से चर्चा कर निर्माण कार्यों की जानकारी ली और सभी पात्र हितग्राहियों के आवास समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

ग्राम पंचायत भंडारशिवनी में वीबी–जी राम जी योजना एवं मोर गांव मोर पानी महाअभियान के अंतर्गत सामुदायिक तालाब गहरीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया। उन्होंने जल संरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए निर्माणाधीन नए तालाब का भी अवलोकन किया तथा कार्योंर् की गुणवत्ता और प्रगति पर संतोष व्यक्त किया।



### मस्टर रोल और कार्यों का किया भौतिक सत्यापन

*निरीक्षण के दौरान श्रमिकों की उपस्थिति, मस्टर रोल और निर्माण कार्योंर् की माप का मौके पर भौतिक सत्यापन किया गया, जिससे योजनाओं के पारदर्शी क्रियान्वयन की समीक्षा की जा सके। निरीक्षण के बाद अविनाश भोई ने अधिकारियों, अभियंताओं एवं तकनीकी कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासकीय कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी विकास कार्य निर्धारित मानकों और समय–सीमा के भीतर पूर्ण कर आमजन तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए।*

### गांव-गांव पहुंचकर श्रमिकों को संगठित करने का लक्ष्य

# श्रमिकों को योजनाओं का लाभ दिलाने प्रशासनिक सहयोग की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ मजदूर शक्ति संघ ने बुधवार को जिला मुख्यालय में कलेक्टर सुश्री नूपुर राशि पन्ना को ज्ञापन सौंपकर वर्ष 2026–27 के लिए प्रस्तावित सदस्यता अभियान एवं श्रमिक सहायता शिविर के सफल संचालन के लिए प्रशासनिक सहयोग की मांग की। संघ के पदाधिकारियों ने कलेक्टर से मुलाकात कर अभियान के उद्देश्यों एवं श्रमिक हितों से जुड़े विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। कलेक्टर सुश्री नूपुर राशि पन्ना ने संघ के प्रतिनिधियों की बात गंभीरता से सुनी और नियमानुसार आवश्यक प्रशासनिक सहयोग उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। ज्ञापन में बताया गया कि संघ द्वारा जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं शहरी निकाय तक पहुंचकर निर्माण श्रमिकों को संघ की सदस्यता से जोड़ा जाएगा। साथ ही श्रम विभाग के श्रम मंडल में उनका पंजीयन कराकर शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए व्यापक अभियान चलाया जाएगा। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि अभियान के दौरान श्रमिकों को उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं, सामाजिक सुरक्षा एवं श्रम विभाग की सुविधाओं के संबंध में जागरूक किया जाएगा। उनका कहना था कि जानकारी के अभाव में अनेक श्रमिक शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते, इसलिए यह अभियान श्रमिकों के हित में एक महत्वपूर्ण पहल है।



### संवैधानिक अधिकारों के तहत संचालित होगा अभियान

*संघ ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि सदस्यता अभियान पूरी तरह शांतिपूर्ण, वैधानिक एवं संगठनात्मक होगा, जो भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ब) के तहत प्राप्त अधिकारों के अनुरूप संचालित किया जाएगा। संघ ने जिला प्रशासन से अभियान के सफल संचालन में आवश्यक सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया।*

### ये रहे उपस्थित

*ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश अध्यक्ष रवि गढ़वाल, संभागीय अध्यक्ष सुनील कुमार रत्नाकर तथा जिला अध्यक्ष संजय लाला सहित संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे। संघ ने जिले के अधिक से अधिक श्रमिकों को योजनाओं का लाभ दिलाने और उनके सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प भी दोहराया।*

# आज से 18 तक एचपीवी विशेष टीकाकरण सप्ताह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले में 13 से 18 जुलाई 2026 तक ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) विशेष टीकाकरण सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए पात्र बालिकाओं का शत–प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करना है।

**6,720 बालिकाओं के टीकाकरण का लक्ष्य** – स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जिले में लगभग 6,720 पात्र बालिकाओं के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिन बालिकाओं का अब तक टीकाकरण नहीं हो सका है, उन्हें इस विशेष अभियान के दौरान शामिल किया जाएगा।

**हर विकासखंड में बनेगा माइक्रोप्लान** – अभियान के सफल संचालन के लिए सभी विकासखंडों में माइक्रोप्लान तैयार किए जाएंगे। स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा नियमित टीकाकरण सत्रें और स्वास्थ्य संस्थानों के माध्यम से टीकाकरण किया जाएगा।

**यू–विन पोर्टल पर होगी रियल–टाइम निगरानी** – प्रत्येक लाभार्थी का विवरण यू–विन पोर्टल पर तत्काल दर्ज किया जाएगा, जिससे अभियान की प्रभावी मॉनिटरिंग और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।

**अभिभावकों से स्वास्थ्य विभाग की अपील** – मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. चतुर्वेदी एवं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. प्रतीक चौधरी ने अभिभावकों से अपनी पात्र बेटियों को निकटतम स्वास्थ्य केंद्र या निर्धारित टीकाकरण सत्र में ले जाकर निःशुल्क एचपीवी टीका लगवाने की अपील की है।

**सुरक्षित और प्रभावी बचाव का माध्यम** – स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से बचाव का सुरक्षित और प्रभावी उपाय है। विभाग ने आमजन से अभियान में सक्रिय सहयोग कर पात्र बालिकाओं का समय पर टीकाकरण सुनिश्चित करने की अपील की है।

# स्पेशल लोक अदालत 18 को, तैयारी बैठक हुई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 18 जुलाई 2026 को आयोजित होने वाली स्पेशल लोक अदालत धारा 138 एन.आई. एक्ट चेक बाउंस प्रकरण की तैयारियों को लेकर कोण्डागांव के मध्यस्थता केंद्र में अधिवक्ताओं एवं बैंक अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती रेशमा बैरागी पटेल ने कहा कि स्पेशल लोक अदालत का उद्देश्य चेक बाउंस मामलों का त्वरित, सरल एवं आपसी सहमति से निराकरण करना है, जिससे समय, धन और श्रम की बचत होगी तथा न्यायालयों में लंबित मामलों का बोझ कम होगा।

बैठक में सभी बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने–अपने बैंक के लंबित चेक बाउंस प्रकरणों की समीक्षा कर अधिकाधिक मामलों को स्पेशल लोक अदालत में प्रस्तुत करने तथा संबंधित पक्षकारों से पूर्व संपर्क कर समझौते के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए। अधिवक्ताओं से आग्रह किया गया कि वे अपने पक्षकारों को लोक अदालत के लाभों की जानकारी देकर अधिक से अधिक मामलों का आपसी सहमति से निराकरण कराने में सहयोग करें।

बैठक में बैंक अधिकारियों को न्यायालय के साथ समन्वय बनाकर आवश्यक अभिलेख समय पर उपलब्ध कराने तथा लंबित प्रकरणों की अद्यतन जानकारी निर्धारित समय–सीमा में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। बैठक की अध्यक्षता मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती रेशमा बैरागी पटेल एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री गायत्री साय ने की।

# सातगांव संकुल में शाला प्रवेशोत्सव नवप्रवेशी छात्र- छात्राओं का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

संकुल केंद्र सातगांव में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव एवं शिक्षकों का विदाई समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया, वहीं शिक्षा विभाग में उल्लेखनीय सेवाएं देने वाले सात शिक्षकों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच लच्छन नेताम रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवक राम दीवान उप सरपंच एवं महेंद्र कुमार पांडे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संकुल प्राचार्य संजय कुमार राठौर ने की। अतिथियों ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रेरित करते हुए शिक्षा को जीवन की सफलता का आधार बताया।

**इनका किया गया सम्मान** – समारोह में देवेंद्र कुमार रंगारी, जीवन कुमार पांडे, नोहरु नेताम, चुम्मन ठाकुर, शैलेंद्री सिन्हा, महेंद्र कुमार देवांगन एवं अनिता भुआर्य को शाल, श्रीफल एवं स्मृति–चिन्ह भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। वक्ताओं ने उनके दीर्घ सेवाकाल, समर्पण और शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए योगदान की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल एवं सुखद भविष्य की कामना की।



**ये रहे उपस्थित** – कार्यक्रम में संकुल क्षेत्र के शिक्षक–शिक्षिकाओं के साथ बड़ी संख्या में पालक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण बनाने का संकल्प लिया। समारोह सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# कलेक्टर ने कोपाबेड़ा शासकीय उद्यान रोपणी का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने गुरुवार को कोपाबेड़ा स्थित शासकीय उद्यान रोपणी का निरीक्षण कर उद्यानिकी विभाग के कार्योंर् की समीक्षा की। उन्होंने रोपणी के चरणबद्ध आधुनिकीकरण तथा उच्च गुणवत्ता वाले पौध उत्पादन को बढ़ावा देने के निर्देश दिए।

**फसलों का होगा वैज्ञानिक श्रेणीकरण** – निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विभिन्न उद्यानिकी फसलों का अलग–अलग श्रेणीकरण कर उन्हें व्यवस्थित रूप से विकसित करने के निर्देश दिए, ताकि किसानों एवं आमजन को विभिन्न प्रजातियों की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सके।

**ड्रैगन फ्रूट और उन्नत आम की खेती पर विशेष जोर** – कलेक्टर ने रोपणी में ड्रैगन फ्रूट तथा आम की उन्नत किस्मों के फ्रंटलाइन डेमोन्स्ट्रेशन प्रदर्शन प्लॉट स्थापित करने के निर्देश दिए, जिससे किसान आधुनिक बागवानी तकनीकों से परिचित हो सकें।

**किसानों को मिलेंगे गुणवत्तापूर्ण पौधे** – उन्होंने सब्जी वर्गीय फसलों के उच्च गुणवत्ता वाले पौध तैयार करने के लिए आवश्यक संरचनाएं विकसित करने तथा किसानों को उचित मूल्य पर गुणवत्तायुक्त सीडलिंग उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।



**रोपणी बनेगी आदर्श प्रशिक्षण केंद्र** – कलेक्टर ने रोपणी परिसर के सौंदर्यीकरण के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश देते हुए कहा कि इसे किसानों के लिए एक आदर्श प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन केंद्र के रूप में विकसित किया जाए।

**अधिकारी रहे मौजूद** – निरीक्षण के दौरान प्रभारी सहायक संचालक उद्यानिकी श्रीमती करूणा कश्यप, रोपणी प्रभारी लोकेश्वर प्रसाद सहित उद्यानिकी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मोदी की बात से प्रेरित हो दिलीप गढ़ रहे हैं मूर्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

गणेशोत्सव और शारदीय नवरात्रि को लेकर प्रतिमाओं का निर्माण तेज़ी से चल रहा है। केशकाल के बंगाली केम्प मे उड़ीसा के मूर्तिकार दिलीप तरफदार द्वारा इस वर्ष पूरी तरह मिट्टी से भगवान गणेश एवं मां नवदुर्गा की प्रतिमाएं तैयार कर रहे हैं। दिलीप तरफदार ने बताया कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम से प्रेरित होकर प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) की प्रतिमाएं नहीं बनाते, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए केवल मिट्टी की प्रतिमाओं का निर्माण करते हैं। उनका कहना है कि मिट्टी की प्रतिमाएं पर्यावरण के अनुकूल होती हैं और विसर्जन के बाद जल स्त्रोतों को कम नुकसान पहुंचाती हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिमाओं को आकर्षक स्वरूप देने के लिए हैदराबाद के विशेष रंगों का उपयोग किया जा रहा है।



**गूगल एवं अपने मांग के अनुसार से बनवा सकते है मूर्ति** :- श्रद्धालुओं की मांग के अनुसार फोटो या गूगल पर उपलब्ध डिज़ाइन के आधार पर भी प्रतिमाएं तैयार की जाती हैं। दिलीप तरफदार के अनुसार प्रतिमाओं की कीमत आकार, डिज़ाइन और कलात्मक कार्य के आधार पर 5,000 से 40,000 तक है। गणेशोत्सव और नवरात्रि को देखते हुए प्रतिमाओं की बुकिंग भी शुरू हो चुकी है और वे समय पर सभी ऑर्डर पूरे करने में जुटे हुए हैं।



## खबर संक्षेप

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका पदों के लिए आवेदन शुरू

**दंतेवाड़ा।** एकीकृत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार एकीकृत बाल विकास परियोजना करन्दुल अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता 1 एवं सहायिका 1 रिक्त पदों पर भर्ती किया जाना है। जिसके तहत एकीकृत बाल विकास परियोजना किरन्दुल अंतर्गत ग्राम पंचायत चोलनार सरपंचपारा तथा ग्राम पंचायत हिरोली स्कुलपारा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के रिक्त पद है। इसके लिए 10 से 25 जुलाई तक आवेदन कर सकते है।

### गीता सोम पुजारी के नेतृत्व की सराहना




**बीजापुर।** पार्षद एवं भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के सोशल मीडिया प्रदेश प्रभारी अरविन्द पुजारी ने नगरपालिका परिषद बीजापुर की अध्यक्ष गीता सोम पुजारी की जनसेवा, सक्रिय कार्यशैली एवं जनता के प्रति उनके समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उनका नेतृत्व नगर के विकास और जनकल्याण के लिए निरंतर प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि गीता पुजारी जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनती हैं और उनके त्वरित समाधान के लिए सदैव सक्रिय रहती हैं। उनकी सेवा भावना, कर्मठता, सहज व्यवहार और जनहित के प्रति समर्पण ने उन्हें नगरवासियों के बीच एक लोकप्रिय जनप्रतिनिधि के रूप में स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि नगर के विकास कार्यों को प्राथमिकता देना, आम नागरिकों से निरंतर संवाद बनाए रखना तथा हर वर्ग के लोगों के हित में कार्य करना उनकी कार्यशैली की सबसे बड़ी विशेषता है। यही कारण है कि आज वे जनता का विश्वास और स्नेह लगातार प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में नगरपालिका परिषद बीजापुर जनसेवा, विकास और सुशासन के क्षेत्र में निरंतर नए आयाम स्थापित करती रहेगी तथा नगर के सर्वांगीण विकास का संकल्प पूरी निष्ठा के साथ आगे बढ़ेगा।

### शालाओं के शिक्षिकाओं को दिया गया प्रशिक्षण

**जगदलपुर।** कलेक्टर के निर्देशानुसार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन और खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ ऋषभ साव के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तोकापाल में शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को एच.पी.वी एवं कुष्ठ के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। विकासखण्ड से सभी हाई स्कूल एंव हायर सेकेण्डरी स्कूलों से दो-दो शिक्षकों को प्रशिक्षण के लिए बुलाया गया था जिसमें चार स्कूल छोड़कर सभी स्कूल के शिक्षक उपस्थित हुए। प्रशिक्षण में डॉ हर्सिखा जायसवाल स्त्रीरोग विशेषज्ञ ने एच.पी.वी. वैक्सीन की जानकारी देते हुए लगाने के फायदे, सर्वाइकल कैंसर से बचाव के विषय पर बताते हुए अध्ययनरत समस्त 14 वर्ष पूर्ण किये और 15 वर्ष पूर्ण होने में शेष सभी बालिकाओं को आगामी हप्ते के अंत तक यह टीका अनिवार्य रूप से लगाने प्रेरित किया। प्रभारी बी.ई.टी.ओं बलराम पाण्डे ने विकासखण्ड में कहां-कहां टीकाकरण हो रहा है, उसकी जानकारी दी। दूसरे सत्र में शिवनारायण पाण्डे कुष्ठ यूनिट प्रमुख ने कुष्ठरोग की जानकारी एवं उपचार पर प्रकाश डालते हुए प्रारम्भिक अवस्था में पहचान करने और कुष्ठ मरीज का पूर्ण उपचार पर जानकारी दी।

### पॉलिटेक्निक में प्रवेश के लिए काउंसलिंग प्रारंभ

**जगदलपुर।** शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक में तृतीय चरण की काउंसलिंग 16 जुलाई तक तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा संचालित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु शुरू की गई। बस्तर संभाग की छात्राएं त्रिवर्षीय डिप्लोमा कोर्स में ऑनलाइन पंजीयन, दस्तावेज सत्यापन, विकल्प चयन एवं काउंसलिंग प्रक्रिया पूर्ण कर संस्थान में प्रवेश प्राप्त कर सकती हैं।

# जागरूकता का असर, 1098 पर मिली सूचना के बाद पीड़ित बच्चों का रेस्क्यू, एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

## महिला एवं बाल विकास विभाग के अभियानों का दिखने लगा असर

कलेक्टर विश्वदीप के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाइल्ड हेल्पलाइन यूनिट, सखी वन स्टॉप सेंटर बीजापुर ने जिले में बाल संरक्षण तंत्र को मजबूत करने के लिए नियमित रूप से स्कूलों, पंचायतों और समुदायों में प्रचार-प्रसार कर रहा है। जागरूकता अभियानों का सकारात्मक परिणाम सामने आ रहा है।

जिला बाल संरक्षण इकाई के प्रयासों से आमजन अब बच्चों के अधिकारों और उनके संरक्षण के प्रति अधिक सजग हुए हैं। इसी का असर है कि लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत बच्चों के साथ हो रहे शोषण की सूचनाएं अब सीधे चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर प्राप्त हो रही हैं। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार हाल ही में 1098 पर प्राप्त 2 सूचना पर जिला बाल संरक्षण इकाई और चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम ने तत्काल संज्ञान लिया। पीड़ति बालक, बालिका को त्वरित सहायता, परामर्श और सुरक्षा प्रदान करते हुए मामले में विभाग द्वारा प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। साथ ही कानूनी प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए पीड़ति को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।



### बाल शोषण की जानकारी 1098 पर दें

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि हमारा उद्देश्य है कि जिले का कोई भी बच्चा शोषण का शिकार न हो और यदि ऐसा होता है तो उसे तुरंत न्याय मिले। 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 24x7 निःशुल्क सेवा है। किसी भी व्यक्ति को बच्चों के साथ दुर्व्यवहार की जानकारी मिले तो वह बिना डरे 1098 पर सूचना दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। जिला प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे बच्चों के साथ होने वाले किसी भी प्रकार के शोषण, बाल विवाह, बाल श्रम या लापता बच्चों की जानकारी तुरंत 1098 पर दें। समय पर सूचना से बच्चों को बचाया जा सकता है और दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकती है।

## सुकमा एसपी चव्हाण का स्थानांतरण, अब नई जिम्मेदारी

# सुरक्षा और विकास को दी नई दिशा, नक्सल मोर्चे पर उपलब्धियों के लिए रहेंगे याद

लीलाधर राठी ▶▶| सुकमा

## केंद्रीय सुरक्षा बलों और जिला पुलिस के समन्वित अभियान ने दिलाई सफलता

राज्य सरकार द्वारा हाल ही में जारी पुलिस अधिकारियों की स्थानांतरण सूची में सुकमा के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण का तबादला बालोद जिले में किया गया है। उनके स्थानांतरण के साथ ही सुकमा में उनके कार्यकाल की उपलब्धियों और जिले में आए सकारात्मक बदलावों की चर्चा तेज हो गई है।

कभी नक्सल हिंसा के लिए देशभर में चर्चित रहे सुकमा में एसपी किरण चव्हाण के नेतृत्व में पुलिस ने नक्सल विरोधी अभियानों को नई धार दी। उनके कार्यकाल में कई इनामी नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया, अनेक नक्सली गिरफ्तार हुए तथा बड़ी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किए गए। सुरक्षा बलों और जिला पुलिस के समन्वित अभियान से नक्सल संगठन पर लगातार दबाव बना रहा।

### पुलिस के प्रति बढ़ाया विश्वास

एसपी श्री चव्हाण ने केवल नक्सल विरोधी कार्रवाई तक ही अपने दायित्व को सीमित नहीं रखा, बल्कि जनविश्वास बढ़ाने की दिशा में भी उल्लेखनीय प्रयास किए। दूरस्थ गांवों में जनसंपर्क अभियान, युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने की पहल तथा पुलिस-जन संवाद कार्यक्रमों ने ग्रामीणों और पुलिस के बीच विश्वास को मजबूत किया।

### शासन की योजनाओं का विस्तार हुआ तेज

बेहतर सुरक्षा माहौल का असर विकास कार्यों पर भी दिखाई दिया। जिन क्षेत्रों में कभी भय का वातावरण था, वहां सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और शासन की योजनाओं का विस्तार तेज हुआ। कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराध नियंत्रण में भी सुकमा पुलिस का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा।



### गलती पर डांट नहीं बल्कि मिलती थी समझाइश

सुकमा जिले में शानदार 5 वर्ष पूरा कर चुके एसडीओपी परमेश्वर तिलकवार ने कहा कि चव्हाण सर के कार्यकाल में बहुत कुछ समझने व सीखने का अवसर मिला, वे हमेशा एक पालक की भूमिका मे ही रहते थे। चव्हाण सर नक्सल ऑपरेशन के दौरान किसी भी तरह की गलती पर डांटने के बजाय समझाइश देते हुए कार्य को और बेहत्तर बनाने की दिशा में निर्देश देते थे।

### कुशल रणनीतिक सोच के धनी थे पुलिस अधीक्षक

वरिष्ठ अधिवक्ता कैलाश जैन ने कहा कि पुलिस अधीक्षक किरण सर का कार्यकाल केवल एक प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि साहस, नेतृत्व और जनसेवा का एक प्रेरणादायक अध्याय रहा। श्री चव्हाण की दृढ़ इच्छाशक्ति, रणनीतिक सोच और अपनी पूरी टीम के साथ मिलकर नक्सल चुनौती से प्रभावी ढंग से मुकाबला किया तथा जिले में शांति और विश्वास का वातावरण स्थापित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### बेहतर पुलिसिंग के लिए किया जाएगा याद

बालोद के लिए स्थानांतरित होने के साथ एसपी किरण चव्हाण अपने पीछे एक ऐसा कार्यकाल छोड़कर जा रहे हैं, जिसे नक्सल प्रभावित जिले में प्रभावी नेतृत्व, बेहतर समन्वय और जनकेंद्रित पुलिसिंग के लिए याद किया जाएगा। जिले के नागरिकों और पुलिस अधिकारियों को उम्मीद है कि उनके द्वारा शुरू किए गए प्रयास आगे भी जारी रहेंगे और सुकमा शांति, सुरक्षा एवं विकास के पथ पर लगातार आगे बढ़ता रहेगा।

### सबसे लंबे समय तक रहने का रिकार्ड

2018 बैच के आईपीएस अधिकारी किरण चव्हाण के नाम एक नया रिकॉर्ड भी है। 29 मई 2023 को बतौर पुलिस अधीक्षक सुकमा का पदभार संभालते हुए शानदार 3 वर्ष से ज्यादा वक्त तक रहे जो छत्तीसगढ़ पुलिस में ज्यादा समय तक रहने का रिकार्ड बन गया है। हालांकि पुलिस अधीक्षक से पूर्व सुकमा में ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के तौर पर भी वे कार्य कर चुके है।

# तिलक लगाकर नवप्रवेशी छात्राओं का हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

प्राचार्य एआर नोन्हारे के निर्देशन में शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल में शाला प्रवेश उत्सव में छात्राओं की सक्रिय भागीदारी, रंगारंग प्रस्तुति एवं शिक्षकों की उपस्थिति में उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ शुभारंभ प्राचार्य एवं शिक्षकों ने माता सरस्वती के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया। जिसमें नव प्रवेशी छात्राओं ने हिस्सा लिया। पूर्व छात्राओं ने नवप्रवेशित छात्राओं के स्वागत में गीत एवं मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए 1 प्राचार्य ने नवप्रवेशी छात्राओं को तिलक लगाकर, पुष्पगुच्छ भेंटकर एवं पाठ्यपुस्तक वितरण कर स्वागत किया गया । नवप्रवेशी छात्राएं काफी उत्साहित एवं प्रसन्नचित हुए। इस नए संस्था में नवप्रवेशी छात्राओं ने अपने विचार भी साझा किए उन्होंने कहा कि संस्था बहुत अच्छा है। सभी शिक्षक एवं छात्राएं बहुत अच्छे एवं अनुशासनप्रिय हैं। हम भी बहुत अच्छे से अनुशासित रहते हुए लगन से पढ़ाई करेंगे और आगे बढ़ेंगे। शिक्षक प्रद्युत कुमार पांडेय प्रधानाध्यापक ,मीनाक्षी पांडेय व्याख्याता एवं प्राचार्य ने छात्राओं को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका कु आरती कोसले ने किया। समस्त छात्राओं ने शाला प्रवेशोत्सव के इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए समस्त स्टाफ एवं छात्राओं को धन्यवाद प्रेषित किया।

- परचनपाल स्कूल में गूंजे स्वागत गीत, नवप्रवेशी छात्राओं को बांटी गईं किताबें

# अतिथि शिक्षकों की भर्ती में धांधली के आरोपों की निष्पक्ष जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

बहुजन समाज पार्टी की जिला इकाई ने जिले में चल रही अतिथि शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में अनियमितता और धांधली के लगाए जा रहे आरोपों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। पार्टी ने कहा है कि अभ्यर्थियों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन को पूरे मामले की पारदर्शी जांच करानी चाहिए। साथ ही, बसपा ने संकेत दिया है कि वह जल्द ही इस संबंध में जिला प्रशासन को औपचारिक रूप से ज्ञापन भी सौंपेगी।

बसपा जिला अध्यक्ष सोलोमन गांडा ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि कई अभ्यर्थियों ने भर्ती प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए संबंधित अधिकारियों के समक्ष शिकायत दर्ज कराई है और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

उन्होंने कहा कि किसी भी भर्ती प्रक्रिया की विश्वसनीयता उसकी पारदर्शिता, निष्पक्षता और योग्यता आधारित चयन पर निर्भर करती है। यदि अभ्यर्थियों द्वारा लगाए गए आरोप सही पाए जाते हैं, तो दोषी अधिकारियों या संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। वहीं यदि जांच में आरोप निराधार सिद्ध होते हैं, तो प्रशासन को इसकी जानकारी सार्वजनिक करनी चाहिए, ताकि भर्ती प्रक्रिया पर अभ्यर्थियों और आम जनता का विश्वास कायम रहे।

बसपा ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि शिकायतों पर शीघ्र संज्ञान लेकर निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा योग्य एवं पात्र अभ्यर्थियों के साथ न्याय सुनिश्चित किया जाए।



# छिंदबहार में स्वच्छता रैली, पानी में तेल छिड़ककर लार्वा नष्ट करने की दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदबहार ने कलेक्टर आकाश छिकारा के आह्वान पर कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार मरावी के नेतृत्व में मलेरिया स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम चलाया। इस अवसर स्वयं सेवकों ने रैली के माध्यम से जागरूकता संदेश दिया। बताया गया की घर के आस पास पानी इकट्ठा न होने दें। यदि पानी इकट्ठा हुआ हो तो उसमें मिट्टी तेल, पेट्रोल, डीजल, जला इंजन आयल का छिड़काव करने से पानी में बनने वाला लार्वा खत्म हो जाता है। इस दौरान स्वयं सेवकों को भी निर्देश दिया गया की अपने अपने ग्राम पंचायत और मोहल्लों में स्वच्छता के प्रति लोगो को जागरूक करने का जिम्मेदारी दिया गया। दीवार लेखन कर इस अभियान को गति देने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर स्वयं सेवक दिलीप कश्यप, मनोज नाग, पिंटू, अंकिता, काजल, अनुराधा, लच्छिनी, कुमकुम, भारती सम्मिलित रहें।

# युवक पर जानलेवा हमला इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

शांतिनगर में आपसी विवाद के दौरान युवक पर हुए जानलेवा हमले के मामले में उपचार के दौरान घायल युवक की मौत हो गई। मेडिकल कॉलेज से मृत्यु की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने प्रकरण में हत्या की धारा जोड़ते हुए मामले की विवेचना तेज कर दी है। पुलिस के अनुसार 5 जुलाई की शाम करीब 7 से 7:30 बजे के बीच शांतिनगर बीजापुर में रिंकी कुड़ियम (29 ), निवासी ग्राम नुकनपाल एवं वर्तमान निवासी शांतिनगर का अपने साथ रहने वाले युवक दिलीप कुड़ियम से विवाद हो गया। विवाद के दौरान महिला ने युवक पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तत्काल जिला अस्पताल, बीजापुर लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज, जगदलपुर रेफर किया गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

घटना के बाद थाना बीजापुर में अपराध क्रमांक 47/2026 के तहत धारा 109 बी.एन.एस. में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 6 जुलाई को आरोपी महिला को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। मेडिकल कॉलेज से प्राप्त मृत्यु मेमो के आधार पर अब प्रकरण में हत्या की धारा जोड़ दी गई है। पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए अग्रिम वैधानिक विवेचना कर रही है।

- आरोपी महिला की पहले ही हो चुकी थी गिरफ्तार, अब प्रकरण में हत्या की धारा जोड़ी गई

### झोपड़ी से पक्के मकान का सफर, राशि स्वीकृत

**जगदलपुर।** ढलती उम्र की लाचारी और अभावों के गहरे अंधकार में डूबा एक जीवन, जहाँ हर आती हुई बरसात सुकून के बजाय डर और बेचैनी लेकर आती थी। जनपद पंचायत जगदलपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुरन्दी की 72 वर्षीय महिला सोनामनी प्रभु के लिए जिंदगी सालों से एक दर्दनाक इम्तिहान बनी हुई थी। एक गरीब किसान परिवार में जन्मीं और ताउम्र मजदूरी की भट्टी में जलकर पेट पालने वाली इस बेबस के पास सिर छुपाने के लिए केवल एक जर्जर, छोटी सी झोपड़ी थी। जब भी आसमान में काले बादल घिरते, सोनामनी का दिल कांप उठता था, क्योंकि छत से टपकता पानी उनके आंसुओं से मिल जाता था । कच्चा फर्श कीचड़ में तब्दील होकर नीचे दलदल जैसा गीला हो जाता था। उस हाड़ कँपाने वाली ठंड और सीलन भरे माहौल में उम्र के इस आखिरी पड़ाव पर भूख और लाचारी से जूझना एक ऐसी मर्मान्तक पीड़ा थी जिसे सोनामनी ने सालों तक खामोशी से सहा है। लेकिन नियति के इस क्रूर चक्र के बीच, प्रधानमंत्री आवास योजना उनके जीवन में दुखों के पहाड़ को चीरकर उम्मीद की एक नई किरण बनकर आई और उन्हें इस अंतहीन पीड़ा से हमेशा के लिए मुक्ति मिल गई। आवास सूची में अपना नाम शामिल होने की जानकारी मिली तो बरसों से कुचली हुई उनकी उम्मीदों को जैसे नए पंख मिल गए और उन्होंने बिना देर किए तुरंत अपना आवेदन जमा कर दिया। जिसके बाद कुल एक लाख 20 हजार रूपए स्वीकृत की गई।

# मोगरापाल में सुंडी समाज की बैठक, सर्वसम्मति से गठित हुई नई कार्यकारिणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

बस्तर जिले के बकावंड विकासखंड अंतर्गत ग्राम मोगरापाल में रविवार को सुंडी समाज की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं एवं गणमान्य सदस्यों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज को संगठित करना, सामाजिक एकता को मजबूत करना तथा नई कार्यकारिणी का गठन करना था।

बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। समाज के सभी सदस्यों ने एकमत होकर पदाधिकारियों का चयन किया तथा समाज के विकास, शिक्षा, सामाजिक सुधार, युवा सहभागिता एवं आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।संरक्षक जगतराम राम सेठिया,सह संरक्षक मधु सेठिया,अध्यक्ष धनेश सेठिया,उपाध्यक्ष जीतू सेठिया,उपाध्यक्ष, बलराम सेठिया,सचिव,मेंगनाथ सेठिया,कोषाध्यक्ष लवकुश सेठिया को जिम्मेदारी दी गई।बैठक में समाज के वरिष्ठजनों ने कहा कि संगठन की मजबूती से ही समाज का सर्वांगीण विकास संभव है। नई कार्यकारिणी युवाओं को समाज की गतिविधियों से जोड़ने, शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने, सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने तथा समाज के हितों की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाएगी।

## मातृ वंदना योजना : आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया जा रहा चरणबद्ध प्रशिक्षण

# हर पात्र गर्भवती एवं धात्री महिला तक पहुंचे योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



कलेक्टर के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में जिले के समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु चरणबद्ध प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण का उद्देश्य योजना के संबंध में कार्यकर्ताओं की क्षमता का विकास करना, पात्र हितग्राहियों की शत-प्रतिशत पहचान एवं पंजीयन सुनिश्चित करना तथा प्रत्येक पात्र गर्भवती एवं धात्री महिला तक योजना का लाभ पहुंचाना है।

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने वाली केंद्र सरकार की एक महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना है। योजना के सफल क्रियान्वयन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी उद्देश्य से आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में योजना के सभी तकनीकी एवं प्रक्रियागत पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है, जिससे जमीनी स्तर पर कार्यरत कार्यकर्ता अधिक दक्षता एवं प्रभावशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें।

जिले के सभी परियोजना अधिकारियों के सक्रिय सहयोग एवं समन्वय से आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्लोबल सेंटर फॉर नॉलेज एंड डेवलपमेंट के जिला स्तरीय तकनीकी दल के सदस्य लेखिका साहू डिस्ट्रिक्ट सपोर्ट मैनेजर, जंगम आलिया, शीतल जाटव एवं शानू बिस्वास इम्प्लीमेंटेशन सपोर्ट ऑफिसर तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के समस्त पर्यवेक्षकों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को योजना की पात्रता, लाभ, आवश्यक दस्तावेज, ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया, आवेदन स्वीकृति, भुगतान प्रणाली, लंबित प्रकरणों के निराकरण, शून्य पंजीयन वाले केंद्रों में विशेष प्रयास तथा पोर्टल संचालन संबंधी व्यावहारिक जानकारी दी जा रही है।

प्रशिक्षकों द्वारा विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया गया कि क्षेत्र की कोई भी पात्र महिला योजना के लाभ से वंचित न रहे। इसके लिए कार्यकर्ताओं को नियमित गृह भ्रमण, गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान, आवश्यक दस्तावेजों का संकलन तथा निर्धारित समय सीमा में पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही शून्य पंजीयन वाले केंद्रों में विशेष अभियान चलाकर पात्र हितग्राहियों को योजना से जोड़ने पर भी बल दिया गया।

### बालिकाओं के प्रति बदलेगा समाज का दृष्टिकोण

प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का मुख्य उद्देश्य गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को गर्भावस्था और प्रसव के दौरान बेहतर पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाओं के लिए प्रोत्साहित करना है। योजना के माध्यम से महिलाओं को आंशिक वेतन क्षतिपूर्ति के रूप में आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, जिससे वे गर्भावस्था के दौरान पर्याप्त आराम कर सकें तथा अपने स्वास्थ्य एवं नवजात शिशु की देखभाल पर विशेष ध्यान दे सकें। साथ ही योजना के अंतर्गत द्वितीय संतान के रूप में बालिका जन्म होने पर अतिरिक्त आर्थिक सहायता प्रदान कर बालिका जन्म को प्रोत्साहित करने, लैंगिक समानता को बढ़ावा देने तथा समाज में बालिकाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने का भी महत्वपूर्ण उद्देश्य है।

## खबर संक्षेप

### मेमोरियल मेथाडिस्ट चर्च में हुआ विदाई समारोह



**जगदलपुर।** शहर के चंदैया मेमोरियल मेथाडिस्ट चर्च में रविवार को विदाई का कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें पूर्व पास्टर इंचार्ज रविंद्र नाथ और सहायक पासवान युसूफ सिंह को विदाई दिया गया। वचन का प्रचार रेव्ह. रविंद्र नाथ द्वारा दिया गया और अंतिम आशीष वचन भी उन्हीं के द्वारा दिया गया। उसके पश्चात सोशल कमेटी द्वारा आयोजित एवं कलीसिया के द्वारा मोमेंटो और ताम्रपत्र देकर सम्मान किया गया। और साथ ही चारों संस्थाएं मेथाडिस्ट मेन, संडे स्कूल एम. वाय.एफ और महिला समिति द्वारा भी विशेष भेंट देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान अंचल हिल, सुजीत नाग, विश्वजीत सिंह, नरेश सेठी, जॉर्डन सामंत, ऋषभ झा, के. जॉन आकाश राज, किशोर हारून, ममता, कदम फुल उपस्थित थे। इसकी जानकारी अनिमेष दास द्वारा दी गई।

### 100 रुपए सोली में बिका बोड़ा



**जगदलपुर।** शहर के बाजार में आदिवासी महिलाएं ग्रामीण अंचलों से बोड़ा बेचने पहुंच रही हैं, इस रविवार को बोड़ा 100 रूपए सोली में बिका। साथ ही जिस तरह प्याज के दाम बढ़ रहे हैं, जिससे प्याज के बिना रसोई से जायके की उम्मीद ही नहीं की जा सकती। गृहणियों ने कहा कि जिस तरह प्याज के भाव बढ़ रहे हैं, उससे उनके रसोई का बजट बिगड़ रहा है। बाजार में टमाटर 25, परवल 70, करेला 80, पत्तागोभी 40, फूलगोभी 80, बरबट्टी 40, भट्टा 80, कुंदरू 40, आलू 20, प्याज 40, गंवरफल्ली 30, सेम 60, खेक्सी 100, पालकभाजी 100 रूपए, धनियापत्ती 300 रुपए प्रतिकिलो और लालभाजी 20 रूपए में 12 जूड़ी में बिक रही है।

### बादल में प्रस्तुतिपरक नाट्य कार्यशाला

**जगदलपुर।** राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय दिल्ली, बादल आसना, संस्कार भारती एवं एनएमडीसी के संयुक्त तत्वावधान में 11 जुलाई से 9 अगस्त तक 30 दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन सहायक कलेक्टर यशवंत नायक के मुख्य आतिथ्य में शुरू किया गया। कार्यशाला के विशिष्ट अतिथि अनिल जोशी क्षेत्र प्रमुख मध्य क्षेत्र संस्कार भारती, सुबीर नंदी संरक्षक संस्कार भारती जिला इकाई बस्तर और राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय से पधारे नाट्य निर्देशक भुनेश्वर महिलाने थे। कार्यशाला के शुभारंभ के इस अवसर पर संस्कार भारती के मंचीय कला विभाग के प्रांत संयोजक आनंद पांडेय और प्रांत मंत्री रिजेंद्र गंजीर की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी एवं नटराज के छायाचित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन कर किया गया। मुख्य प्रशिक्षक श्री महिलाने ने कहा कि इन तीस दिनों में प्रतिभागी नाट्य विधा के हर पहलू को सीख पाएंगे।

# घाटपदमुर क्षेत्र के 254 घरों का हुआ सर्वे, 4 संदिग्धों के सैंपल लिए गए

## प्रभावित क्षेत्र में बांटी जा रही क्लोरीन की गोलियां और ओआरएस पैकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग ने पीलिया के संक्रमण को रोकने कार्य कर रहा है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर घाटपदमुर के नेगीगुड़ा में पीलिया के मरीज मिलने के बाद बीएमओ नानगुर ने सेक्टर कुम्हरावंड से एक स्वास्थ्य टीम तैनात की है। दल प्रभावित क्षेत्र में घर-घर जाकर संक्रमित मरीजों की खोज कर रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को स्वास्थ्य दल ने 254 घरों का भ्रमण कर 921 व्यक्तियों की स्वास्थ्य जांच की। जिसमें से 4 संदिग्ध मरीजों के सैंपल कलेक्ट किए गए हैं। इसके साथ ही ग्रामीणों को सुरक्षित रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग क्लोरीन की गोलियां, ब्लीचिंग पाउडर, जिंक और ओआरएस पैकेट का वितरण कर रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय बसाक और उनकी टीम नेगीगुड़ा पहुंचकर रोकथाम एवं उपचार स्थिति की मॉनिटरिंग की। अधिकारियों ने मैदानी अमले को सजगता बरतने के साथ हिदायत दी है कि क्षेत्र का एक भी घर और एक भी व्यक्ति इस जांच प्रक्रिया से छूटना नहीं चाहिए।

### 20 सैंपल में एक पॉजिटिव केस

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि ग्राम नेगीगुड़ा का कुछ क्षेत्र ग्राम पंचायत और कुछ क्षेत्र नगर निगम सीमा के अधीन आता है। उन्होंने राहत की बात साझा करते हुए कहा कि बीते कल तक क्षेत्र से कुल 20 सैंपल लिए गए थे, जिसमें से केवल एक पॉजिटिव केस की पुष्टि हुई है। जिससे यह स्पष्ट है कि वर्तमान में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में और सामान्य है। बचाव के उपायों को रेखांकित करते हुए स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले द्वारा प्रभावित क्षेत्र के सभी नागरिकों को अनिवार्य रूप से पानी उबालकर और छानकर पीने की समझाइश दी है।



### गांव में टीम सक्रिय

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी. मैत्री, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. रीना लक्ष्मी, महामारी नियंत्रण नोडल अधिकारी डॉ. वीरेंद्र ठाकुर सहित स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित रहकर कार्य कर रहे है।


## मुख्यमंत्री को बस्तर के ऐतिहासिक गोंचा महापर्व का निमंत्रण

# प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की तुपकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- 16 जुलाई को निकलेगी भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा, 24 को होगा समापन
- भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव और वन मंत्री केदार कश्यप के नेतृत्व में बस्तर की आयोजन समिति ने रायपुर निवास पर की सौजन्य मुलाकात

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से रायपुर स्थित उनके निवास पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव तथा वन मंत्री केदार कश्यप के नेतृत्व में गोंचा महापर्व आयोजन समिति के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को बस्तर के ऐतिहासिक गोंचा महापर्व में शामिल होने का औपचारिक निमंत्रण दिया। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को बताया कि लगभग 600 वर्षों से अधिक समय से निरंतर आयोजित हो रहा गोंचा महापर्व बस्तर की सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक एकता और लोक आस्था का प्रतीक है। बस्तर दशहरा के बाद यह क्षेत्र का सबसे लंबी अवधि तक चलने वाला प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक उत्सव माना जाता है। समिति ने जानकारी दी कि महापर्व की शुरूआत 29 जून को देव स्नान पूर्णिमा (चंदन यात्रा) के साथ हो चुकी है। इसके अंतर्गत 15 जुलाई को नेत्रोत्सव पूजा, 16 जुलाई को भगवान जगन्नाथ की भव्य गोंचा रथयात्रा तथा 24 जुलाई को बाहुड़ा रथयात्रा के साथ महापर्व का समापन होगा। इस अवसर पर आयोजन समिति की ओर से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को बस्तर की पारंपरिक तुपकी भेंट कर सम्मानित किया गया। गोंचा महापर्व में तुपकी चलाने की सदियों पुरानी परंपरा आज भी जीवंत है। पर्व के दौरान तुपकियों की गूंज से पूरा जगदलपुर उत्सवमय वातावरण में सराबोर हो उठता है।



### ये रहे मौजूद

प्रतिनिधिमंडल में 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डे, गोंचा समिति के अध्यक्ष मुक्तेश्वर पाण्डे, रजनीश पाणिग्राही, नरेंद्र पाणिग्राही, देवशंकर पंडा, दिलीप पाणिग्राही, विजय पाण्डे, बिभाधार पाण्डे, दिनेश पाणिग्राही, आत्माराम जोशी, विवेक पाण्डे, अर्जुन पाण्डे, भास्कर जोशी, दिलेश्वर पाण्डे, तरुण पाण्डे, जयप्रकाश पाढ़ी, मिनेश पाणिग्राही, सोमप्रकाश जोशी, वेणुधर पाणिग्राही, सुरेंद्र पाणिग्राही, त्रिनाथ आचार्य, गुरुनारायण पाणिग्राही, खिरेंद्र पाण्डे सहित आयोजन समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# बस्तर के दो युवाओं को प्रदेश युवा प्रकोष्ठ में मिली अहम जिम्मेदारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- बस्तर जिला साहू समाज ने दोनों प्रदेश पदाधिकारियों का किया स्वागत

बस्तर जिले से दो युवाओं को प्रदेश साहू समाज के युवा प्रकोष्ठ में अहम जिम्मेदारी मिली है। बस्तर जिला साहू समाज ने दोनों नये प्रदेश पदाधिकारियों का आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया गया। नई कार्यकारिणी में छोटे देवड़ा साहू समाज परिक्षेत्र से देवा साहू को प्रदेश सह संयोजक तथा तेतरकुटी साहू समाज से कु. अनुष्का साहू को प्रदेश संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। रविवार को इन दोनों प्रदेश पदाधिकारियों का बस्तर जिला साहू समाज ने जिलाध्यक्ष हरि साहू के नेतृत्व में आतिशबाजी कर भव्य स्वागत किया। दोनों ही पदाधिकारियों ने समाज में मिली जिम्मेदारी का कुशलता से निर्वहन करने का संकल्प लेते हुए युवाओ की शक्ति को समाज के विकास में लगाने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन उत्तम साहू ने किया। इस दौरान साहू समाज के जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र साहू, घनश्याम साहू, हरीश साहू, तेतरकुटी साहू समाज अध्यक्ष गणेश राम साहू, करुणा साहू, झामीन साहू, पालन राम साहू, पुनीत साहू, रमेश साहू, उत्तम साहू, उमाशंकर साहू, लालबहादुर साहू, शंकर साहू, नीलमणी साहू, देव नारायण साहू, परमानंद साहू, सितेंद्र साहू, मनीष साहू, विवेक साहू, जीतेन्द्र साहू, रोहित साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित रहे।

### बीजेपी में भी बढ़ा कद

भारतीय जनता पार्टी की विभिन्न प्रकोष्ठ में पहली बार बड़ी संख्या में साहू समाज के लोगों को शामिल किया गया है। जिसमें प्रमुख रूप से हरि साहू ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, अनुष्का साहू युवा मोर्चा जिला मंत्री, उत्तम कुमार साहू युवा मोर्चा पूर्वी मंडल कार्यालय प्रभारी, पुनीत साहू ओबीसी मोर्चा नगरनार मंडल उपाध्यक्ष, नागेश साहू युवा मोर्चा पश्चिम मंडल महामंत्री, उत्तम साहू युवा मोर्चा पूर्वी मंडल कोषाध्यक्ष, कौशिल्या साहू जिला किसान मोर्चा कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी निभा रहे है।


# शांत-सहज शैली के साथ उल्लेखनीय दायित्व का निर्वहन किया : छिकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे यह प्रयास रहेगा : खन्ना
- विदाई और नवपदस्थ सीईओ का स्वागत

निवर्तमान सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन को आत्मीय विदाई देकर नवपदस्थ सीईओ तन्मय खन्ना का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी रही।

कमिश्नर डोमन सिंह ने प्रतीक जैन के धैर्य और प्रशासनिक कौशल की प्रशंसा करते कहा कि उन्होंने कई कठिन चुनौतियों का सामना मुस्कान के साथ कर दिखाया और अनेक सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने नवपदस्थ सीईओ से उम्मीद की कि वे जिले के ग्रामीण विकास को नई दिशा देंगे। कलेक्टर आकाश छिकारा ने कहा कि प्रतीक जैन ने एनआरडीए एवं जीएसटी में पदस्थापना के दौरान पहले से ही अपनी प्रशासनिक कुशलता से अमिट छवि बना चुके थे और फिर बस्तर में पदस्थापना के बाद अपनी शांत-सहज शैली के साथ उल्लेखनीय दायित्व निभाई। बीते करीब डेढ़ साल में अनेक आयोजन में उनकी प्रशासनिक कौशल परिलक्षित हुई। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नए सीईओ भी बस्तर जिले की समग्र विकास सहित अन्य प्रमुख कार्यों को एक नई दिशा देने में अहम भूमिका निभाएँगे।



कार्यक्रम में अपर कलेक्टर सीपी बघेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग एवं नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा ने अपने अनुभव साझा किए।

प्रतीक जैन ने कहा कि इस जिले में बिताया गया समय जीवन का अमूल्य हिस्सा है और बस्तर उन्हें हमेशा स्मरणीय रहेगा।

नव पदस्थ सीईओ तन्मय खन्ना ने अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट करते कहा कि प्रतीक जैन के शुरू किए गए कार्यों को जारी रखेंगे। उन्होंने आश्वस्त किया कि उनकी कार्यशैली टीम भावना पर आधारित होगी और शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही उनका ध्येय होगा। इस मौके पर सहायक कलेक्टर यशवंत सहित अन्य अधिकारियों ने भी सम्बोधित किया।




# जूलॉजिकल एसोसिएशन का हुआ क्लोजिंग सेरेमनी



**जगदलपुर।** शहर के शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जूलॉजिकल एसोसिएशन का क्लोजिंग सेरेमनी संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वैज्ञानिक प्लांट पैथोलॉजी शाहिद गुंडाधूर कृषि महाविद्यालय डॉ. देवचंद सलाम और अध्यक्षता अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा बस्तर संभाग प्रो. अनिल कुमार ने किया। वर्ष भर के शैक्षणिक गतिविधियों के सफल संचालन के लिए एसोसिएशन का गठन किया गया। छात्र पदाधिकारी अध्यक्ष कुमारी भारती नाग, उपाध्यक्ष कुमारी वनिता नेताम, सचिव कुमारी अंजलि कश्यप और सह सचिव बंतू राम मरकाम थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि शोध परक अध्ययन के लिए और जीवन में आगे बढ़ने के लिए निरंतरता और काम में डटे रहने की जरूरत है। उन्होंने विद्यार्थियों को शोध कार्य के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। प्रोफेसर कुमार ने छात्रों को इनोवेशन से संबंधित प्रोजेक्ट तैयार करने का निर्देश दिया और बताया की समय-समय पर मेरे पास बैठकर मार्गदर्शन प्राप्त करें और आपके प्रोजेक्ट को स्वीकृत करवाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रो. सुशील दत्ता सहित सहायक प्राध्यापक श्रीमती कल्पना मंडावी, किशन कुमार मरावी, होलेश साहू, डॉ. शालिनी गुप्ता और एमएससी जूलॉजी के सभी विद्यार्थी और लैब स्टाफ शामिल रहे।

